भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3440**

17दिसम्बर, 2021को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष-64 की प्रौद्योगिकी**

3440.श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

श्री बी.बी. पाटील:

श्री भर्तृहरि महताब:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) ने कोविड-19 के हल्के और लक्षणहीन तथा हल्के से औसत मामलों में दी जाने वाली आयुष-64 की प्रौद्योगिकी, इस औषधि के उत्पादन हेतु विभिन्न कंपनियों को हस्तांतरित कर दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार कोविड-19 संबंधी चिकित्सीय अवस्थाओं और कोविड-19 उपरांत विकारों का सामना कर रहे मरीजों का उपचार करने के लिए आयुर्वेदिक औषधियों के उपयोग को बढ़ावा देने का है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार और वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) द्वारा किए गए उक्त औषधि के नैदानिक परीक्षण (क्लीनिकल ट्रायल) में यह औषधि कोविड-19 का उपचार करने में प्रभावी साबित हुई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या घर पर क्वारंटाइन मरीजों को दी गई आयुष-64 औषधि लाभकारी पाई गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;और

(च) क्या उपरोक्त औषधि के मामले में औषध और प्रसाधन अधिनियम, 1940 में निर्धारित आवश्यक दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोनोवाल)**

(क)और (ख): जी, हां। आयुष-64 के विनिर्माण के लिए प्रौद्योगिकी 46 कंपनियों को हस्तांतरित की गई है। विवरण संलग्न है।

(ग):भारत सरकार ने "**कोविड-19 के प्रबंधन के लिए आयुर्वेद और योग पर आधारित राष्ट्रीय नैदानिक प्रबंधन प्रोटोकॉल**"जारी किया है।

यह प्रोटोकॉल हल्के कोविड-19 के प्रबंधन के लिए है। मध्यम से गंभीर कोविड-19 रोगियों के पास उपचार चयन के सूचित विकल्प हो सकते हैं। इसमें रोग निरोधी परिचर्या, लक्षणरहित कोविड-19 पॉजिटिव तथा हल्के कोविड-19 पॉजिटिव मामलों के साथ-साथ कोविड उपरांत प्रबंधन के लिए सामान्य और शारीरिक उपाय, आहार संबधी उपाय तथा लक्षण प्रबंधन शामिल है।

इसके अतिरिक्त, आयुष मंत्रालय ने निम्नलिखित भी जारी किए हैं:

i. संबंधित आयुष पद्धतियों के पंजीकृत चिकित्साभ्यासियों के लिए दिशानिर्देश। ये दिशानिर्देश समान रूप से कोविड-19 महामारी के प्रबंधन में सहायता देने के लिए होम्योपैथी सहित पंजीकृत आयुष चिकित्साभ्यासियों के लाभ हेतु पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराए गए हैं।

ii. कोविड-19 के दौरान स्वयं देखभाल के लिए आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध निवारक उपाय तथा होम आइसोलेशन में कोविड-19 रोगियों के लिए आयुष चिकित्साभ्यासियों हेतु दिशानिर्देश।

iii. कोविड-19 महामारी के दौरान बच्चों के लिए गृह परिचर्या संबंधी दिशानिर्देश और बच्चों में रोगनिरोधी परिचर्या के लिए आयुष चिकित्साभ्यासियों हेतु एडवाइजरी।

iv. कोविड-19 और लंबे कोविड-19 के दौरान समग्र स्वास्थ्य और स्वस्थता निवारक उपायों पर लोगों के लिए आयुष सिफारिशें।

(घ) और (ड.):वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और आयुष मंत्रालय ने कोविड-19 के लिए आयुष उपचारों हेतु नैदानिक परीक्षण संचालित किए हैं जिसमें आयुष-64 शामिल है। आयुष-64 प्रभावशाली और सुरक्षित पाया गया तथा हल्के से मध्यम कोविड-19 रोगियों के लिए अनुशंसित किया गया। अध्ययन के परिणाम से स्पष्ट हुआ कि हल्के से मध्यम कोविड-19 मामलों में मानक परिचर्या के साथ आयुष-64 देने से नैदानिक रूप से स्वास्थ्य लाभ में तेजी आई, अस्पताल में कम समय लगा और समग्र स्वास्थ्य बेहतर हुआ।

(च):सभी राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकारियों (एसएलए)/औषध नियंत्रकों से अनुरोध किया गया कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में आयुष-64 के लाइसेंस प्राप्त विनिर्माताओं को लक्षणरहित, हल्के से मध्यम कोविड-19 के उपचार के लिए उपाय के रूप में पुनरूद्देशित करने हेतु मौजूदा संकेत (संकेतों) के अलावा आयुष-64 के नए संकेत को शामिल करने की अनुमति दें और आयुष-64 औषधि के विनिर्माण के लिए ऐसे आवेदनों की लाइसेंसिंग/अनुमोदन की प्रक्रिया में भी तेजी लाएं बशर्ते औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली, 1945 के निर्धारित मानकों और संगत प्रावधानों का अनुपालन किया गया हो।

*****

**उन विनिर्माण इकाइयों की सूची जिन्हें आयुष-64 प्रौद्योगिकी हस्तांतरित की गई है:**

| क्र.सं. | कंपनी का नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार |
|---|---|---|
| 1. | **मैसर्स मुल्तानी फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड,** नई दिल्ली | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली |
| 2. | **मैसर्स मंगलम बायोटेक रिसर्च**,39/23, दूसरी मंजिल, लेन नंबर 15, समयपुर औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली-110042 | |
| 3. | **मैसर्स हमदर्द लेबोरेटरीज (इंडिया)- मेडिसिन डिवीजन,** हमदर्द बिल्डिंग,2ए/3 आसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002 | |
| 4. | **मैसर्स गोवा एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड,** ट्यूम इंडस्ट्रियल एरिया, ट्यूम, पेरनेम,गोवा-403512 | गोवा |
| 5. | **मैसर्स नीरव हेल्थकेयर,** प्लॉट नंबर 25,जीआईडीसी फेज- I, इंडस्ट्रियल एस्टेट, राजपीपला, नर्मदा,गुजरात -393145, | गुजरात |
| 6. | **मैसर्स नागार्जुन फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड,**शेरिसा, कलोल-खतराज रोड, कलोल, गांधीनगर, अहमदाबाद, गुजरात- 382721 | |
| 7. | **मैसर्स अमूल्य लैब्स प्राइवेट लिमिटेड,**प्लॉट नंबर 74,इंडस्ट्रियल एस्टेट एचएसआईआईडीसी, अलीपुर,बरवाला, पंचकुला,हरियाणा- 134118 | हरियाणा |
| 8. | **मैसर्स नॉर्थ इंडिया लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड,**प्लॉट नंबर-430, सेक्टर-3, एचएसआईआईडीसी करनाल,हरियाणा- 132001 | |
| 9. | **मैसर्स अल्ना बायोटेक प्रा. लिमिटेड,**एससीएफ 1013, ग्राउंड फ्लोर मोटर मार्केट, मनीमाजरा, चंडीगढ़-160101 | |
| 10. | **मैसर्स तिरुपति मेडिकेयर लिमिटेड**,पौंटा साहिब,जिला- सिरमौर,हिमाचल प्रदेश | हिमाचल प्रदेश |
| 11. | **मैसर्स श्री धनवंतरि हर्बल्स**, ग्राम किशनपुरा, तहसील नालागढ़, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश-174101 | |
| 12. | **मैसर्स बैजनाथ फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड**, पी.ओ. पपरोला, तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश-176115 | |
| 13. | **मैसर्सज़ियोन लाइफसाइंसेस लिमिटेड,**ग्राम कुंजा, रामपुर रोड,पौंटा साहिब,हिमाचल प्रदेश-173025 | |
| 14. | **मैसर्स हिमालय अनुसंधान प्रयोगशाला,**ईपीआईपी,बारी ब्राह्मण,जम्मू-181133 | जम्मू-कश्मीर |
| 15. | **मैसर्स श्रीवेद सत्व प्राइवेट लिमिटेड**, तीसरी मंजिल, नं. 54/46,39वां ए क्रॉस, 11वां मेन रोड,चौथा टी ब्लॉक, जयनगर, बैंगलोर, कर्नाटक-560041 | कर्नाटक |
| 16. | **मैसर्स रेविंटो लाइफ साइंस प्रा. लिमिटेड**, प्लॉट नंबर 21, किडाब इंडस्ट्रियल एरिया, शिरवाड़ा, कारवार,उत्तर कन्नड़ जिला, कर्नाटक- 581306 | |
| 17. | **मैसर्स कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड**, डॉ. राजकुमार रोड, फर्स्ट ब्लॉक, राजाजीनगर,बैंगलोर-560010 | |
| 18. | **मैसर्स एस.डी.पी. उपचार और अनुसंधान केंद्र**, उदयगिरि,कोरुंगु, केमिन्जे,ग्राम पुत्तूर, डीके, कर्नाटक- 574202 मेंव्यापारकार्यालय | |
| 19. | **मैसर्स धात्री आयुर्वेद प्रा. लिमिटेड,** 33/1882बी,एडप्पिल्ली रोड,एर्नाकुलम, केरल | केरल |
| 20. | **मैसर्स फार्मास्युटिकल कॉरपोरेशन (आईएम) केरल लिमिटेड,**कुट्टानेल्लूर पीओ,त्रिशूर, केरल-680014 | |
| 21. | **मैसर्स एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड**, एचएलएल भवन,महिलामंदिरम रोड,पुज्जापुरा, तिरुवनंतपुरम, केरल- 695012 | |

| क्र.सं. | कंपनी का नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार |
|---|---|---|
| 22. | **मैसर्स बिफा ड्रग लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड**, XIII/804, पल्लीपुरथुकावु जंक्शन, कोट्टायम,केरल- 686039 | |
| 23. | **मैसर्स हरिथा फार्मास्यूटिकल्स**,बिल्डिंग नंबर 332, वडक्कुमुरी,वरंदरापिल्ली, त्रिशूर, केरल-680303 | |
| 24. | **मैसर्स जमना हर्बल रिसर्च लिमिटेड,**15, जोन- II, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल | |
| 25. | **मैसर्स उपकरण फार्मास्युटिकल्स,**शॉप नंबर 25,बोर्ड ऑफिस स्क्वेयर,जोन- II, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश 462011 | मध्य प्रदेश |
| 26. | **मैसर्स दीनदयाल इंडस्ट्रीज लिमिटेड,**5-6, इंडस्ट्रियल एस्टेट,तानसेन रोड, बिड़ला नगर, ग्वालियर- 474004, मध्य प्रदेश | |
| 27. | **मैसर्समाइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस प्रोसेसिंग एंड रिसर्च सेंटर**, वन परिसर, बरखेड़ा, पठानी, भोपाल-462021 | |
| 28. | **मैसर्स धूतपापेश्वर लिमिटेड,** वीर सावरकर चौक, पनवेल, रायगढ़-410206, महाराष्ट्र | |
| 29. | **मैसर्स करनानी फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड**, 19/23, विठोबा लेन, विट्ठलवाड़ी, मुंबई, महाराष्ट्र- 400002 | |
| 30. | **मैसर्स ओम फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड**,202, विश्व नानक अपार्टमेंट्स, गुरुनानक वाड़ी, चकला, अंधेरी (पूर्व), मुंबई,महाराष्ट्र- 400099 | महाराष्ट्र |
| 31. | **मैसर्स फार्मावेदा (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड**, बी-4 कामदार शॉपिंग सेंटर, रेलवे स्टेशन के सामने विले पार्ले (पूर्व),मुंबई, महाराष्ट्र- 400057 | |
| 32. | **आयुकार्ट प्राइवेट लिमिटेड,** एच1-2213, आरआईआईसीओ औद्योगिक क्षेत्र, रामचंद्रपुरा, सीतापुरा एक्सटेंशन,जयपुर, राजस्थान- 302022 | राजस्थान |
| 33. | **मैसर्स राजस्थान हर्बल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड**,एफ- 143, द्वितीय चरण, आरआईआईसीओ औद्योगिक क्षेत्र,झुंझुनू, राजस्थान- 333001 | |
| 34. | **मैसर्स सर्वोथम केयर लिमिटेड**, 197, निकोलसन रोड, तदबुंद, सिकंदराबाद, तेलंगाना-500009 | तेलंगाना |
| 35. | **मैसर्स डाबर इंडिया प्रा. लिमिटेड**, साहिबाबाद, गाजियाबाद | |
| 36. | **मैसर्स इंडियन मेडिसिन्स फार्मास्युटिकल्स कंपनी लिमिटेड (आईएमपीसीएल),**मोहान, रामनगर,जिला अल्मोड़ा | |
| 37. | **मैसर्स उत्तराखंड स्टेट मेडिसिन एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड**, हल्द्वानी, यू.के. | |
| 38. | **मैसर्स मेघदूत ग्रामोद्योग सेवा संस्थान,**ए1/18, सेक्टर-एच, पुरानिया चौराहा, अलीगंज, लखनऊ, उ.प्र. | उत्तर प्रदेश |
| 39. | **मैसर्स उमा आयुर्वेदिक्स प्राइवेट लिमिटेड,**माधव पुरी, नदराई गेट, कासगंज (एटा) - 207123, यू.पी. | |
| 40. | **मैसर्स बेसिक आयुर्वेद**,46, आनंद इंडस्ट्रियल एस्टेट, मोहन नगर, गाजियाबाद- 201007, यू.पी. | |
| 41. | **मैसर्स अमर फार्मास्यूटिकल्स एंड लैब्स (इंडिया) प्रा. लिमिटेड**,17/110 नवाब कंपाउंड, राम नारायण बाजार, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208001 | |
| 42. | मैसर्स रॉयल बी नेचुरल प्रोडक्ट्स प्रा. लिमिटेड, एस-61 लोनी रोड,साइट-2, मोहन नगर, गाजियाबाद- 201007 यू.पी. | |

| क्र.सं. | कंपनी का नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार |
|---|---|---|
| 43. | **मैसर्स देश रक्षक औषधालय लिमिटेड**, कनखल, हरिद्वार-249408 | उत्तराखंड |
| 44. | **मैसर्स माहेश्वरी फार्मास्युटिकल्स (इंडिया) लिमिटेड,**प्लॉट नंबर 7, सेक्टर 6बी आईआईई सिडकुल, हरिद्वार, उत्तराखंड-249403 | |
| 45. | **मैसर्स मल्टी स्टेट कॉपरेटिव फार्मास्युटिकल्स एंड रिसर्च**, लेन नंबर 1, मंगल पराव,हल्द्वानी, नैनीताल -263139, उत्तराखंड | |
| 46. | **मैसर्स कॉपरेटिव ड्रग फैक्ट्री,**उद्योग नगर, गनियादेओली,रानीखेत, अल्मोड़ा, उत्तराखंड-263645 | |